# HINDI
## Paper - II
## OCT-11/05

Signature of Invigilators

1. ..............................................

2. ..............................................

Roll No. [ ][ ][ ][ ][ ]
(In figures as in Admit Card)

Roll No. ...............................

..................................................
(in words)

**Time Allowed : 75 Minutes]** **[Maximum Marks : 100**

---

**Instructions for the Candidates**

1. Write your Roll Number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of **fifty (50)** multiple choice type questions. **All** questions are compulsory.
3. Each item has upto four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). The answer should be a capital letter for the selected option. The answer letter should entirely be contained within the corresponding square.

   Correct method [A] Wrong method [A OR [A]

4. Your responses to the items for this paper are to be indicated on the ICR Answer Sheet under Paper II only.
5. Read instructions given inside carefully.
6. Extra sheet is attached at the end of the booklet for rough work.
7. You should return the test booklet to the invigilator at the end of paper and should not carry any paper with you outside the examination hall.
8. There shall be no negative marking.
9. Use of calculator or any other electronic devices is prohibited.

**પરીક્ષાર્થીઓ માટે સૂચનાઓ :**

૧. આ પાનાની ટોચમાં દર્શાવેલી જગ્યામાં તમારો રોલનંબર લખો.
૨. આ પ્રશ્નપત્રમાં બહુવૈકલ્પિક ઉત્તરો ધરાવતા કુલ પચાસ (૫૦) પ્રશ્નો આપેલા છે. બધા જ પ્રશ્નો ફરજિયાત છે.
૩. પ્રત્યેક પ્રશ્ન વધુમાં વધુ ચાર બહુવૈકલ્પિક ઉત્તરો ધરાવે છે. જે (A), (B), (C) અને (D) વડે દર્શાવવામાં આવ્યા છે. પ્રશ્નનો ઉત્તર કેપીટલ સંજ્ઞા વડે આપવાનો રહેશે. ઉત્તરની સંજ્ઞા આપેલ ખાનામાં બરાબર સમાઈ જાય તે રીતે લખવાની રહેશે.

   ખરી રીત : [A] ખોટી રીત : [A અથવા [A]

૪. આ પ્રશ્નપત્રના જવાબ આપેલ ICR Answer Sheet ના Paper II વિભાગની નીચે આપેલ ખાનાઓમાં આપવાના રહેશે.
૫. અંદર આપેલ સૂચનાઓ કાળજીપૂર્વક વાંચો.
૬. આ બુકલેટની પાછળ આપેલું પાનું રફ કામ માટે છે.
૭. પરીક્ષા સમય પૂરો થઈ ગયા પછી આ બુકલેટ જે તે નિરીક્ષકને સોંપી દેવી. કોઈપણ કાગળ પરીક્ષા ખંડની બહાર લઈ જવો નહીં.
૮. ખોટા જવાબ માટે નેગેટિવ ગુણાંકન પ્રથા નથી.
૯. કેલ્ક્યુલેટર અને ઈલેક્ટ્રોનિક યંત્રોનો પ્રયોગ કરવાની મનાઈ છે.

SEAL

## HINDI

## PAPER - II

**नोट** : इस प्रश्न पत्र में **पचास (50)** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो** अंक हैं। **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

---

1. भरत मुनि ने लोक-भाषा को क्या नाम दिया है ?

   (A) देशी  (B) देशी बोली

   (C) देश भाषा  (D) देशज

2. पं. श्रीधर पाठक ने खड़ी बोली में गोल्डस्मिथ के 'ट्रेवलर' का अनुवाद किस नाम से किया है ?

   (A) श्रांत पथिक  (B) श्रांत यात्री

   (C) श्रांत राही  (D) श्रांत प्रवासी

3. इनमें से पूर्वी हिन्दी वर्ग की बोली कौन-सी है ?

   (A) खड़ी बोली  (B) बुंदेली

   (C) बिहारी  (D) बघेली

4. मार्कण्डेय के 'प्राकृत-सर्वस्व' में अपभ्रंश के कितने भेद मिलते हैं ?

   (A) 24  (B) 25

   (C) 27  (D) 26

5. 'हिन्दी साहित्य सम्मेलन' प्रयाग की स्थापना किस सन् में हुई है ?

   (A) 1900  (B) 1930

   (C) 1920  (D) 1910

6. 'देसी बयना सब जन मिट्ठा' किसकी पंक्ति है ?

(A) चन्दबरदाई (B) विद्यापति

(C) नरपति नाल्ह (D) अमीर खुसरो

7. खड़ी बोली आन्दोलन के प्रवर्त्तक कौन हैं ?

(A) मदनमोहन मालवीय (B) अयोध्याप्रसाद खत्री

(C) प्रतापनारायण (D) पुरुषोत्तमदास टंडन

8. 'हिन्दी साहित्य का आदिकाल' किसकी रचना है ?

(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल की (B) आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी की

(C) डा. रामकुमार वर्मा की (D) डा. नगेन्द्र की

9. आदिकाल की राजनीतिक परिस्थिति किस साम्राज्य के पतन से आरम्भ होती है ?

(A) गुप्त साम्राज्य (B) वर्द्धन साम्राज्य

(C) मुगल साम्राज्य (D) मौर्य साम्राज्य

10. अलबरूनी कहाँ का इतिहासकार था ?

(A) फारस (B) मिस्र

(C) अरब (D) चीन

11. श्रमण-धर्म के अन्तर्गत किन मतों की गणना की जाती है ?

(A) वैष्णव एवं शैव मत (B) वैष्णव मत

(C) बौद्ध और जैन मत (D) जैन मत

12. निरगुन राम निरगुन राम जपहु रे भाई।

अबिगत की गति लखी न जाई ॥

इन पंक्तियों के रचयिता कौन हैं ?

(A) तुलसी (B) रामानन्द

(C) रैदास (D) कबीर

13. किस कवि ने बिहारी सतसई के प्रत्येक दोहे पर सवैया बनाया था ?

(A) नेवाज (B) वृन्द

(C) आलम (D) कृष्ण कवि

14. निम्नलिखित में कौन वल्लभाचार्य के शिष्य **नहीं** थे ?

(A) नन्ददास (B) सूरदास

(C) कृष्णदास (D) कुम्भनदास

15. नौवीं से ग्यारहवीं शताब्दी तक साहित्य रचना के केन्द्र कौन से रहे हैं ?

(A) कन्नौज एवं गुजरात (B) कश्मीर और पंजाब

(C) कन्नौज एवं कश्मीर (D) कन्नौज एवं राजस्थान

16. निम्नलिखित में से कौन पुष्पदंत की रचना **नहीं** है ?

(A) महापुराण (B) णय कुमार चरिउ

(C) पउम चरिउ (D) जसहर चरिउ

17. निम्नलिखित में कौनसा ग्रंथ जैन साहित्य के अन्तर्गत **नहीं** आता है ?

(A) भरतेश्वर बाहुबलीरास (B) स्थूलि भद्ररास

(C) चर्यापद (D) श्रवकाचार

18. परमाल रासो में किस छन्द का प्रयोग किया गया है ?

(A) कवित्त (B) आल्हा छन्द

(C) मन्दाक्रान्ता (D) सवैया

19. मारवाणी किस कृति की नायिका है ?

(A) राउलवेल (B) वसंत विलास

(C) ढोला-मारू-रा-दूहा (D) जयचन्द्र प्रकाश

20. 'कल्पलता' किसका निबन्ध संग्रह है ?

(A) कुबेरनाथ राय (B) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(C) रामचन्द्र शुक्ल (D) हरिशंकर परसाई

21. 'शिरीष की याद आई' के निबन्धकार कौन हैं ?

(A) हजारीप्रसाद द्विवेदी (B) कुबेरनाथ राय

(C) रामचन्द्र शुक्ल (D) विद्यानिवास मिश्र

22. कौन से निबन्धकार आगे चलकर प्रखर समीक्षक के रूप में स्थापित हुए ?

(A) कुबेरनाथ राय (B) नामवर सिंह

(C) हरिशंकर परसाई (D) विद्यानिवास मिश्र

23. विकास का सही अनुक्रम बताइये :

(A) जायसी ग्रंथावली, तुलसी ग्रंथावली, भ्रमरगीत सार

(B) जायसी ग्रंथावली, भ्रमरगीत सार, तुलसी ग्रंथावली

(C) तुलसी ग्रंथावली, भ्रमरगीत सार, जायसी ग्रंथावली

(D) भ्रमरगीत सार, जायसी ग्रंथावली, तुलसी ग्रंथावली

24. सही अनुक्रम बताइये :

(A) इतिहास और आलोचना, छायावाद, वाद विवाद संवाद

(B) वाद विवाद संवाद, इतिहास और आलोचना, छायावाद

(C) छायावाद, वाद विवाद संवाद, इतिहास और आलोचना

(D) छायावाद, इतिहास और आलोचना, वाद विवाद संवाद

25. यात्रा साहित्य में सर्वाधिक योगदान किस लेखक का है ?

(A) अज्ञेय (B) नागार्जुन

(C) राहुल सांकृत्यायन (D) निर्मल वर्मा

26. 'शृंखला की कड़ियाँ' किसने लिखी है ?

(A) महादेवी वर्मा (B) कृष्णा सोबती

(C) रामवृक्ष बेनीपुरी (D) माखनलाल चतुर्वेदी

27. 'मनुष्य ही साहित्य का लक्ष्य है' किसका कथन है ?

(A) रामचन्द्र शुक्ल (B) बालकृष्ण भट्ट

(C) विद्यानिवास मिश्र (D) हजारीप्रसाद द्विवेदी

28. 'दीपशिखा' का प्रकाशन वर्ष क्या है ?

(A) 1936
(B) 1932
(C) 1940
(D) 1942

29. निराला का सम्बन्ध किस पत्रिका से है ?

(A) हंस
(B) मतवाला
(C) आलोचना
(D) समालोचना

30. छायावादी कवियों में सबसे पहले ज्ञानपीठ पुरस्कार किसे मिला ?

(A) पंत
(B) प्रसाद
(C) निराला
(D) महादेवी

31. 'निशा निमन्त्रण' किसकी रचना है ?

(A) हरिवंशराय बच्चन
(B) नरेन्द्र शर्मा
(C) भगवतीचरण वर्मा
(D) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

32. पंत की रचनाओं का सही कालक्रम बताइये :

(A) पल्लव, गुंजन, युगान्त, ग्राम्या
(B) गुंजन, पल्लव, युगवाणी, युगान्त
(C) पल्लव, युगान्त, गुंजन, ग्राम्या
(D) गुंजन, युगवाणी, पल्लव, ग्राम्या

33. 'प्रगतिशील लेखक संघ' के प्रथम अध्यक्ष कौन थे ?

(A) प्रेमचन्द
(B) मुल्कराज आनन्द
(C) हंसराज रहबर
(D) यशपाल

34. बीसवीं शताब्दी के प्रथम दो दशक की सबसे प्रभावशाली पत्रिका कौन-सी है ?

(A) नागरी (B) सरस्वती

(C) मर्यादा (D) माधुरी

35. 'एक कहानी : कुछ आप बीती कुछ जगबीती' किसकी रचना है ?

(A) बालकृष्ण भट्ट (B) भारतेन्दु

(C) महावीरप्रसाद द्विवेदी (D) प्रतापनारायण मिश्र

36. 'एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल' के संस्थापक कौन थे ?

(A) विलियम जोन्स (B) वारेन हेस्टिंग्स

(C) ग्रियर्सन (D) गिल क्राइस्ट

37. 'आलोचना' के सम्पादक कौन हैं ?

(A) नामवरसिंह (B) परमानन्द श्रीवास्तव

(C) अरुण कमल (D) कमलाप्रसाद

38. 'स्वच्छन्दतावाद' के प्रवर्त्तक कौन हैं ?

(A) त्रिलोचन पाण्डेय (B) मुकुटधर पाण्डेय

(C) श्रीधर पाठक (D) रामनरेश त्रिपाठी

39. 'भारत भारती' का प्रकाशन वर्ष क्या है ?

(A) 1910 (B) 1912

(C) 1914 (D) 1916

40. माखनलाल चतुर्वेदी किस पत्रिका के सम्पादक थे ?

(A) केसरी (B) मराठा

(C) प्रताप (D) कर्मवीर

41. 'अनुमितिवाद' का संबंध किस आचार्य से जोड़ा जाता है ?

(A) आचार्य शंकुक (B) भट्ट लोल्लट

(C) भट्ट नायक (D) आनन्दवर्द्धन

42. रस के मुख्यत: कितने अवयव हैं ?

(A) तीन (B) चार

(C) दो (D) छ:

43. वाचक शब्द कितने प्रकार के माने गये हैं ?

(A) तीन (B) दो

(C) पाँच (D) चार

44. 'देखो, दो दो मेघ बरसते

मैं प्यासी की प्यासी' में कौन–सा अलंकार है ?

(A) असंगति (B) विशेषोक्ति

(C) असंभव (D) विरोधाभास

45. रीति के आधारभूत तत्व कितने हैं ?

(A) दो (B) तीन

(C) चार (D) पाँच

46. रचनाशैली की उज्ज्वलता को क्या कहते हैं ?

(A) कांति
(B) समाधि
(C) समता
(D) माधुर्य

47. फैन्टेसी का उपयोग साहित्य या काव्य में किस रूप में होता है ?

(A) कथ्य
(B) सौन्दर्य
(C) टेकनीक
(D) उद्देश्य

48. 'हम नदी के द्वीप हैं'—में अर्थ ग्रहण किसके माध्यम से होता है ?

(A) प्रतीक
(B) बिम्ब
(C) मिथक
(D) अलंकार

49. पाठ को पढ़ने की एक शैली का सम्बन्ध किससे है ?

(A) विखंडनवाद
(B) अस्तित्ववाद
(C) संरचनावाद
(D) आधुनिकतावाद

50. 'विडंबना' अंग्रेजी के किस शब्द का रूपांतरण है ?

(A) विट्
(B) सेटायर
(C) आयरनी
(D) ह्यूमर

ROUGH WORK

SEAL